ACCREDITED WITH GRADE B NAAC

शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी (छत्तीसगढ़)
सा विद्या या विमुक्तये

# सुरभि

## वार्षिक पत्रिका

वर्ष 2022–23






## शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी छत्तीसगढ़

# सुरभि

## वार्षिक पत्रिका

शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी (छत्तीसगढ़)

सा विद्या या विमुक्तये

**सत्र : 2022-23**


संपादक

**डॉ. रोहिणी मरकाम**

**श्री आकाश साहू**

**श्री दानेश्वर साहू**

संरक्षकः

**डॉ. डी. आर. चौधरी**

प्राचार्य



मुद्रकः

**साहा प्रिंटर्स**

आमातालाब रोड, गौरव पथ, धमतरी

मो. 9907153826


# शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी

Created by Universal Document Converter

Created by Universal Document Converter

# अनुक्रम


| क्र | विवरण | | पेज नं. |
|---|---|---|---|
| 1. | शुभकामना संदेश- श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू | | 05 |
| 2. | शुभकामना संदेश- श्री विजय देवांगन | | 06 |
| 3. | शुभकामना संदेश- श्री ऋतुराज रघुवंशी | | 07 |
| 4. | शुभकामना संदेश- श्री अनुराग मसीह | | 08 |
| 4. | शुभकामना संदेश- श्रीमती लुकेश्वरी साहू | | 09 |
| 5. | प्राचार्य की कलम से | डॉ. डी. आर. चौधरी | 10 |
| 6. | सम्पादकीय | डॉ. रोहिणी मरकाम | 11 |
| 7. | जिंदगी पर कविता, कविता | हेमा ध्रुव, अंजली ध्रुव | 12 |
| 8. | बुझो तो जाने | निकिता साहू | 13 |
| 9. | सपने ऐसा देखो जो आपको सोने ही न दे-संस्मरण | डॉ. रोहिणी मरकाम | 14 |
| 10. | कैरियर की अच्छी शुरूआत | उपासना ध्रुव | 15 |
| 11. | जीवन, दोस्त, कैमिस्ट्री कविता | उमा मरकाम, चंचल ध्रुव, अंजली नेताम | 16 |
| 12. | सफलता का राज, भारत के आश्चर्यजनक तथ्य | इन्द्राणी साहू, किरण यादव | 17 |
| 13. | लक्ष्य, प्राचीन भारतीय मुद्राएं | डॉ. जयश्री रणसिंह, गरिमा साहू | 18 |
| 14. | किश्तो में मत जिया करों, हिंदी कविता | मुस्कान शर्मा, विजयलक्ष्मी सिन्हा | 19 |
| 15. | धैर्य, वो पल, मेरी कॉलेज लाईफ | चंचल सेन, श्रीती सिन्हा दुर्गेश्वरी | 20 |
| 16. | दस सुक्तियां, मानव में हिंसक प्रवृत्ति क्यों | प्रो. हुकेश कुमार मारकण्डेय | 21 |
| 17. | कहानी आदतें, ज्ञान की बातें | जागृति सेन, गरिमा साहू | 22 |
| 18. | स्वस्थ्य रहने के लिये जरूरी विटामिन, जिंदगी | पुष्पलता साहू, सविता कुंजाम | 23 |
| 19. | स्टीफन विलियम हॉकिंग | प्रो. पोखराज साहू | 24 |
| 20. | छात्रसंघ अध्यक्ष की कलम से | विजय लक्ष्मी सिन्हा | 25 |
| 21. | उपाध्यक्ष एवं सचिव की कलम से | गायत्री साहू, नवनीत कौर | 26 |


Created by Universal Document Converter

| क्र | विवरण | | पेज नं. |
|---|---|---|---|
| 22. | भूतपूर्व अध्यक्ष की कलम से | तब्बू पटेल | 27 |
| 23. | अच्छे लोग-बुरे लोग | जागृति सेन | 28 |
| 24. | मैं कुछ करना चाहती हूं | मोतिम | 29 |
| 25. | चींटा और टिड्डा की कहानी | मधु साहू | 30 |
| 26. | उड़ान हौसलो की - कविता | | 31 |
| 27. | भारत ने बनाया सुपर कम्प्युटर | श्रीमती पूर्णिमा साहू | 32 |
| 28. | My College Life | साक्षी पाटले | 33 |
| 29. | मजेदार चुटकुले | हेमा ध्रुव | 34 |
| 30. | पहेलियां | इन्द्राणी साहू | 35 |
| 31. | खुद ही खुद की पहचान लिखुंगी, भारत की बेटियां | सविता कुंजाम, प्रेरणा सोम | 36 |
| 32. | धमतरी जिले में पदस्थ कलेक्टरो की सूची-संकलित | डॉ. रोहिणी मरकाम | 37 |
| 33. | भारत के प्रधानमंत्रीयों की सूची-संकलित | डॉ. रोहिणी मरकाम | 38 |
| 34. | स्वीप वार्षिक प्रतिवेदन | श्रीमती दामिनी ठाकुर | 39 |
| 35. | राष्ट्रीय सेवा योजना का वार्षिक प्रतिवेदन | सुश्री रोली जांगड़े | 41 |
| 36. | राजनीति विज्ञान का वार्षिक प्रतिवेदन | डॉ. रोहिणी मरकाम | 43 |
| 37. | फोटो गैलेरी | | 45 |
| 38. | महाविद्यालय में स्वीकृत /कार्यरत/रिक्त पदों की जानकारी | | 59 |
| 39. | जनभागीदारी समिति के सदस्यों की सूची | | 60 |
| 40. | महाविद्यालय के अधिकारी/कर्मचारियों की सूची | | 61 |
| 41. | छात्रसंघ पदाधिकारीओं /कक्षा प्रतिनिधियों की सूची | | 62 |
| 42. | विभिन्न संकाय में वर्गवार छात्राओं की सूची | | 63 |
| 43. | समितियों का गठन | | 64 |
| 44. | विषयवार प्रश्नपत्रों की संख्या | | 66 |
| 45. | वार्षिक परीक्षा परिणाम 2021-22 | | 69 |
| 46. | महाविद्यालय परिवार के सदस्य | | 70 |


Created by Universal Document Converter



**माननीया श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू**
विधायक
विधानसभा क्षेत्र धमतरी - 58

निवास - रायपुर रोड, बठेना चौक, धमतरी,
जिला-धमतरी (छ. ग.)
मोबा.: 9179866671, 7974805517
E-mail ID -deependrasdmt@gmail.com

# शुभकामना संदेश

अत्यंत हर्ष का विषय हैं कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी के द्वारा पत्रिका सुरभि 10वां संस्करण का प्रकाशन किया जा रहा है । हमारे लिये यह गौरव का विषय है कि धमतरी का एक मात्र कन्या महाविद्यालय जो शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहराते हुए महाविद्यालय की छात्राएं आसमान की नई ऊंचाईयों को छूकर महाविद्यालय परिवार के साथ-साथ क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं ।

महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं अध्ययनरत समस्त छात्राओं की उज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ सुरभि प्रकाशन के लिए बधाई प्रेषित करती हूँ ।

**(रंजना साहू)**
विधायक
विधानसभा क्षेत्र धमतरी



Created by Universal Document Converter



**माननीय श्री विजय देवांगन जी**
महापौर
नगरपालिक निगम, धमतरी

# शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है कि शासकीय नारायणराव मेघावले कन्या महाविद्यालय, धमतरी द्वारा वार्षिक पत्रिका सुरभि का प्रकाशन किया जा रहा है । यह पत्रिका छात्राओं के सृजनात्मक एवं रचनात्मक मनोभावों को जागृत कर उन्हें रचनाओं के माध्यम से अभिव्यक्ति प्रदान करेगी । उनकी सृजनात्मक अभिव्यक्ति से समाज को नई दिशा व गति मिलेगी ।

सुरभि के प्रकाशन पर महाविद्यालय परिवार को मेरी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ।

भवदीय
**विजय देवांगन**
महापौर
नगरपालिक निगम, धमतरी



Created by Universal Document Converter



**श्री ऋतुराज रघुवंशी**
(आई.ए.एस)
कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी
जिला-धमतरी

# शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि नारायण राव मेघावाले शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी छ.ग. द्वारा छात्राओं की पहल पर महाविघालयीन पत्रिका सुरभि का प्रकाशन किया जा रहा है । आशा है कि यह पत्रिका छात्राओं के लिये मार्गदर्शक साबित होगा ।

''**सुरभि** के सफल प्रकाशन की मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ ।''

भवदीय
**(ऋतुराज रघुवंशी)**



Created by Universal Document Converter



**माननीय श्री अनुराग मसीह**
सभापति
नगरपालिक निगम, धमतरी

# शुभकामना संदेश

स्नेही बहनो, सादर नमस्कार

आप सभी की पहल पर महाविद्यालयीन पत्रिका सुरभि हम सभी को शिक्षा सहित महाविद्यालय की अन्य गतिविधियों को रेखांकित करता हुआ सच का आइना सिद्ध होगा जिसके लिए मैं अपनी शुभकामनाएं आप सभी को देता हूं शासकीय एन.आर.एम. कन्या महाविद्यालय अपनी स्थापना के बाद से सतत प्रगति के अनेक नये आयाम स्थापित करते आ रहा है । भविष्य में भी यह क्रम जारी रहे इसके लिए मै पूर्णतः आश्वस्त हुं । अपने नए भवन में स्थानांतरित होने के पश्चात विभिन्न संकायों के बीच खेल सहित अन्य गतिविधियों में समय - समय पर यहां की छात्राओं ने एक कीर्तिमान स्थापित कर अन्य संस्थाओं के लिए प्रेरणा के स्त्रोत बन गए हैं इसलिए यहां उच्च शिक्षा के लिए केवल धमतरी जिला ही नहीं बल्कि अनेक जिलों से छात्राएं अध्ययन के लिए आती हैं । महानदी के पवित्र तट पर स्थित यह शैक्षणिक संस्था आगामी समय में भी अपनी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राओं के मेहनत से चिरस्थाई रखेगी जिसके लिए इन्हें उर्जा एवं शक्ति प्रदान करने की मैं प्रभु ! से प्रार्थना करता हूं ।

अंत में मै इस भावनाओ के साथ आप सभी को शुभकामनाऍं देता हूं कि आप सब का जीवन मंगलमय हो महाविद्यालय में अध्ययन सहित आने वाले समय में आप सभी अपने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में चहूंमुखी विकास की ओर अग्रसर हो तथा छत्तीसगढ़ की परंपरा, संस्कृति की आगे बढ़ाते हुए यहां की प्रेम सद्भावना एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए आप अपना स्वंय का योगदान देने के लिए आये क्योंकि समाज आपसे यही अपेक्षा कर रही है उस कसौटी पर शत प्रतिशत खरा उतरे ।

यही अपेक्षा के साथ आप सभी को सहृद्‌य से धन्यवाद देते हुए मेरे यह विनम्रतापूर्ण संदेश को अंगीकृत करने की सादर सम्मान के साथ प्रार्थना है ।

**पूनः आप सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं**

भवदीय
**अनुराग मसीह**
सभापति
नगरपालिक निगम, धमतरी



Created by Universal Document Converter



**माननीया श्रीमती लुकेश्वरी साहू**
(अध्यक्ष)
जनभागीदारी समिति
शास. एन.आर.एम. कन्या महाविद्यालय
जिला-धमतरी

# शुभकामना संदेश

अत्यंत हर्ष का विषय है कि शासकीय एन.आर.एम.कन्या महाविद्यालय, धमतरी द्वारा वार्षिक पत्रिका सुरभि का प्रकाशन किया जा रहा है । शिक्षा के उत्थान और शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका प्राध्यापकगण निभाते है । जब एक विद्यार्थी अपनी रचना को पत्रिका में अपने नाम के साथ देखता है तो उसका हर्ष अकल्पनीय होता है । हम अपनी रचनाओं में न सिर्फ अपनी भावनाएं व्यक्त करते है अपितु हमारे अंदर के एक नये मानव, कवि, लेखक , दार्शनिक से भी हमारा साक्षात्कार होता है ।

मै आशा और अपेक्षा करती हु कि महाविद्यालय की पत्रिका का यह अंक अपने उद्देश्यों में सफल सिद्ध होगी । इस पत्रिका के सफल सम्पादन हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य, सम्पादक मंडल एवं छात्राओं के अमुल्य योगदान के लिये मैं बधाई एवं हार्दिक शुभकामनायें देती हूं ।

**श्रीमती लुकेश्वरी साहू**
(अध्यक्ष)
जनभागीदारी समिति
शास. एन.आर.एम. कन्या महाविद्यालय
जिला-धमतरी



Created by Universal Document Converter

# प्राचार्य की कलम से ...




मुझे बताते हुए अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि हमारी पत्रिका का यह 10वां संस्करण है । सबसे पहले तो उन सभी प्राध्यापकों एवं छात्राओं का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ जिन्होने सुरभि पत्रिका के लिए अपना अमूल्य योगदान प्रदान किया । छात्राओं को संस्कारित बनाने के लिए अभिभावक, प्राध्यापक एवं छात्राओं को मिलकर प्रयास करना होगा । मानव जीवन में संस्कारो की बड़ी महत्ता है, जो मानव सुसंस्कृत संस्कारों से विभूषित है उसमें पावनता, उज्जवलता, सरसता, मधुरता एवं प्रज्ञा प्रस्फूटित होती है ।

हमारा महाविद्यालय शैक्षणिक, सहशैक्षणिक गतिविधियों का एक मिश्रण प्रदान करता है और प्रत्येक छात्राओं को आत्मनिर्भर एवं आदर्श नागरिक बनने के लिये प्रेरित करता है । हम अपनी शिक्षा पद्धति में लगातार सुधार कर रहे हैं हमारे पाठ्यक्रम में छात्राओं को अध्ययन - आध्यापन के अतिरिक्त - व्यक्तित्व निर्माण अनुशंधान एवं सीखने की प्रक्रिया को बढ़ावा देते हैं । साथ ही कल की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं उन्हे सामाजिक रूप से प्रासंगिक होने के लिए प्रोत्साहित करते हैं ।

मन की इसी अभिलाषा के साथ महाविद्यालय की पत्रिका का यह अंक आप सभी के लिए प्रस्तुत है । छात्राओं की दिन प्रतिदिन इस पत्रिका के प्रति बढ़ती रूचि और विभिन्न माध्यमों से छात्राओं का बढ़ता योगदान यह दर्शाता है कि इस पत्रिका ने विद्यार्थियों के बीच अपना लोकप्रिय स्थान बना लिया है ।

संपादक मंडल एवं विद्यार्थियों की कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और निरंतर प्रयास के द्वारा पत्रिका का प्रत्येक अंक दिन - प्रतिदिन रूचिकर होता जा रहा है । अंत में पहले ही प्रयास में नैक मूल्यांकन टीम के द्वारा महाविद्यालय को ‘B’ ग्रेड प्राप्त हुआ । इसमें सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं का योगदान रहा इसके लिए सभी को धन्यवाद ।

“पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है क्योंकि पुस्तकें अन्तःकरण को उज्जवल करती है ।”

**डॉ. डी. आर. चौधरी**
प्राचार्य



Created by Universal Document Converter



# सम्पादकीय

वार्षिक पत्रिका सुरभि का 10वां संस्करण प्रकाशित करते हुए मैं अत्यंत गौरान्वित महसूस कर रही हूँ। सुरभि का 10 वां अंक नये कलेवर और साज सज्जा के साथ आपके हाथों में है।

वर्ष 2013 से प्रारंभ हुआ यह सफर नये आयामों रचनाकारों को अपने साथ मिलाकर लगातार आगे की ओर बढ़ता जा रहा है। दौड़ते भागते समय में विकास की दौड़ ने हमारे जीवन शैली को बहुत कुछ बदल दिया है। आज जरूरत है :- श्रेष्ठ जीवन मूल्यो को अपनाना और उसकी सार्थक अभिव्यक्ति करना महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका सुरभि सार्थक अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है क्योंकि पत्रिका एक ऐसा दर्पण है जिसमे महाविद्यालय की बहुआयामी प्रतिभाओं की कलात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम है और अभिव्यक्ति लोकतंत्र का प्रधान मूल्य है।

पत्रिका के सृजन में महाविद्यालय के प्राध्यपकों एवं छात्राओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें प्रकाशित होने वाले लेख, कहानी,कविताओं तथा अन्य रचनाओं का संकलन महाविद्यालय की छात्राओं एवं प्राध्यापकों के द्वारा किया गया है। शैक्षणिक दृष्टि से महाविद्यालय एक ऐसा मंच है जो छात्राओं को अपना रचनात्मक क्षमता को निखारने का अच्छा सु अवसर प्रदान करता है। छात्राएं सामाजिक परिवेश में घट रही घटनाओं से सीखते हैं। रचनाओं को पढ़ते है, महाविद्यालय की गतिविधियो में भाग लेते हुए चिंतन की प्रक्रिया से समृद्ध होते हैं। इस चिंतन के फलस्वरूप छात्राओं में सृजनात्मक का संचार होता है।

विविध क्षेत्रों के गणमान्य महानुभवों से प्राप्त संदेश हमारी श्रेष्ठ सृजनात्मक संकल्पनाओं के उत्साहवर्धन हेतु स्फूर्ति का संचार करेंगे। सभी महानुभवों का दिल से आभार व्यक्त करती हूँ।

सुरभि के सुंदर, सुरूचिपूर्ण और त्वरित प्रकाशन के लिए प्रकाशन संस्थान भी बधाई का पात्र है। आशा करती हूँ कि पत्रिका का यह संस्करण छात्राओं एवं जन समुदाय के लिए फलदायी साबित होगा।

अंत में मैं सुरभि से जुड़े सभी सदस्यों को पत्रिका के नये अंक के प्रकाशन की बधाई देती हूँ। सभी प्राध्यापकों एवं कार्यकालीन स्टॉफ का सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त करती हूँ। डॉ. डी.आर. चौधरी, प्राचार्य जी का आभार व्यक्त करती हूँ जिनके कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं प्रेरणा के द्वारा ही यह दुर्गम कार्य सुगम एवं संभव हो सका। मैं छात्राओं को भी बधाई देती हूँ जिन्होने बड़े उत्साह से अपनी रचनाएं प्रेषित की।

**डॉ. रोहिणी मरकाम**

सहायक प्राध्यापक(राजनीति विज्ञान)



Created by Universal Document Converter

# जिंदगी पर कविता

## जानिये - जिंदगी क्या है?

दो पल की जिंदगी है
आज बचपन, कल जवानी,
परसों बुढ़ापा, फिर खत्म कहानी ।।
चलों हंस कर जिए, चलो खुलकर जिए
फिर ना आने वाली यह रात सुहानी
फिर ना आने वाला यह दिन सुहाना ।।
कल जो बीत गया सो बीत गया
क्यों करते हो आने वाले कल की चिंता
आज और अभी जिओ, दूसरा पल हो ना हो ।।
जिंदगी का सफर यूं ही काटते चले
आओ जिंदगी की गीत गाते चले ।।

कुछ बातें मन की करते चलें
रूठों को मनाते चलें ।।
आओ जीवन की कहानी
प्यार से लिखते चले
कुछ बोल मीठे बोलते चले
कुछ रिश्ते नए बनाते चले ।।
क्या लाए थे क्या ले जायेंगे
आओ कुछ लुटाते चले
आओ सब के साथ चलते चले ।।

**हेमा ध्रुव**
बी.एस.सी. (Bio)

---

भविष्य के तूफानों को, बस तुम ही झेल पाओगे
बीज संघर्ष का अगर आज तुमने जो बो दिया ।
सफलता के मोती निश्चित तुम ही पाओगे ।।
पानी, पसीने का अगर आज तुम ने दे दिया ।
मीठे फल भविष्य में कल तुम ही पाओगे ।।
धूप, प्रयासों की अगर, आज तुमसे मिल गई ।
आसमान सी ऊँचाई, जरूर तुम ही पाओगे ।।
अकाल का समय अगर, आज भूखे पेट सह लिया ।
आने वाली बाढ़ को, बस तुम ही झेल पाओगे ।।
बस तुम ही झेल पाओगे ।।
दिल, आलोचकों के अगर, आज तुमने जीत लिये ।
मधुर गीत नन्ही चिड़ियों के, तुम ही तो सुन पाओगे ।।
तूफान, घनघोर आंधीयों का, आज तुमने देख लिया ।
आने वाली सावन के झूलों का, लुफ्त तुम ही तो उठाओगे ।।




**अंजली ध्रुव**
बी.एस.सी. 3



Created by Universal Document Converter




1. पानी से पैदा होता है,
   पानी मे मर जाता है
   भोजन से तो मेरा गहरा नाता है ।
2. वो क्या है,
   जो खेतों में हरी
   बाजार में काली और
   घर में लाल हो जाती है ।
3. ऐसा कौन है,
   जो तुम्हारा मामा है,
   तुम्हारी माँ का भी मामा है,
   तुम्हारे नाना-नानी का भी मामा है
4. चार कोनो का नगर बना,
   चार कुएँ बिन पानी,
   चोर 18 उसमे बैठ लिए एक रानी
   एक दरोगा सब को
   पीट-पीटकर कुएँ में डाला ।
5. ऐसी कौन सी चीज है
   जो बाहर में तो फ्री मिलती है
   और हॉस्पिटल में मंहगी मिलती है ।

उत्तर - नमक, चायपत्ती, चंदामामा, कैरमबोर्ड, ऑक्सीजन

उत्तर - नजर, सपना, पल

## एक ही शब्द का प्रयोग करें

01. ................ हमारी .............
    तुम्हारी ........... ने दिल की ............
    उतारी ................ ने ................ को देखा ।
    ऐसे दोस्ती को ............. लगे ना हमारी ।

02. एक लड़की का नाम ............ था ।
    ............. हमेशा ............ देखती थी ।
    एक दिन ............ का .......... टूट गया,
    तो ............ की माँ कहती है कि
    ............. तो सभी का टूटता है ।

03. .........., ............ तरसते थे, एक ...........
    के लिए वो ............ भी आया । एक.......
    के लिए सोचा उस .......... को रख लू
    हर ..........के लिए पर वो ............ भी
    ना रूका एक .......... के लिए ।

**निकिता साहू**
बी.ए. द्वितीय



Created by Universal Document Converter

जब हम अपनी जिंदगी में कुछ करने की ठान लेते हैं तो उसे पाने के लिए हम हर संभव प्रयास करते हैं। इसका मतलब यह है कि अगर हमने अपनी जिंदगी में कुछ बनने या हासिल करने का सपना देखा है तो हम अपने सपने को कुछ इस कदर पूरा करने में जूट जाये जिससे हमारी आंखो से रातों की नींद उड़ जाए ।




बात उन दिनों की है जब मै एम.ए. अन्तिम वर्ष राजनीति विज्ञान की छात्रा थी । मेरे पिता जी की मेरे साथ शर्त लगी । पिता जी ने कहा कि कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करोगे तो तुम्हारे लिए सोने की बाली खरीद देंगे । उस समय हमारे लिए सोने की बाली खरीदना सपना देखने जैसे ही था । मैने भी कह दिया ठीक है

सोने की बाली प्राप्त करने की अभिलाषा ने मेरी रातों की नीदें उड़ा दिया । मैं जमीन मे चटाई बिछाकर सो जाती थी और जब नींद से जागती थी तो उठकर पढ़ने बैठ जाती थी । उठते बैठते, सोते जागते बस एक ही सपना था कि कक्षा मे प्रथम आना ही है ।

घर छोटा था, छः भाई-बहन थे, पढ़ाई में असुविधा होती थी तो मै दिन में बाड़ी मे इमली झाड़ के नीचे बैठकर पढ़ा करती थी । माँ बाबू जी को बहुत चिंता होती थी कि रात - रात भर पढ़ती है, सोती नहीं है कही तबीयत खराब न हो जाए । मुझे सो जाने के लिए प्रेरित करते थे । लेकिन सोना पाने का वह सपना मुझे सोने नही देता था और इस तरह परीक्षा की घड़ी आ गई । सभी पेपर अच्छे बने और जब परीक्षा का रिजल्ट आया तो उस रात पिता जी रात भर सो नही पाये । उसके आंखों में खुशी के आंसू थे । प्रथम स्थान तो प्राप्त की ही साथ ही प्राविण्य सूची में तीसरा स्थान भी प्राप्त किया ।
हमारे पूर्व राष्ट्रपति माननीय अब्दुल कलाम जी कहा करते थे

**" सपने ऐसा देखो जो आप को सोने ही न दे ।"**

जो लोग किसी कार्य को असंभव बताए तो उन पर विश्वास मत करो । कुछ भी असंभव नहीं, असंभव को शब्द कोश से हटा देना चाहिए ।

**डॉ. रोहिणी मरकाम**
सहायक प्राध्यापक(राजनीति विज्ञान)



Created by Universal Document Converter

# कैरियर की अच्छी शुरूआत

जिंदगी में उतार चढ़ाव आता ही रहता है उसमें से अहम या कहें महत्वपूर्ण अपनी कैरियर की शुरूआत करना होता है । जिसके लिए पाँच बातें अतिमहत्वपूर्ण हैं ।

| संघर्ष | आत्मविश्वास | जानकार व्यक्ति से सलाह | समय का सदुपयोग | लक्ष्य निर्धारण |
|---|---|---|---|---|

01. संघर्ष – हर व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्ष करना ही चाहिए संघर्ष से किया गया कार्य अर्थात् (बहुत से कठनाइयों के बाद भी) कभी विफल नही जाता । संघर्ष ही सफलता की कुंजी हैं

02. आत्मविश्वास – खुद पर आत्मविश्वास रखना बहुत बड़ी बात होती है इससे व्यक्ति अपना कदम कभी पीछे नहीं करता । किसी भी मुश्किल या दूसरों की बातों से कभी उदास नही होता कहने का अर्थ जिदंगी के किसी भी पहलु में कभी हार नही मानता ।

03. जानकार व्यक्ति से सलाह – (सर्वप्रथम) सबसे अच्छा प्रेरणा के स्त्रोत हमारे माता पिता होते हैं जो हमे हमेशा प्रेरित करते हैं उसके बाद प्रेरणा के स्त्रोत हमारे शिक्षक होते हैं जो हमे सफल होने के लिए एक अच्छा मार्गदर्शन करते हैं ।

04. समय का सदुपयोग – अपने अच्छे भविष्य की शुरूआत के लिए समय का सदुपयोग अतिमहत्वपूर्ण होता है । हमे आदरपूर्वक निर्धारित समय पर अपना सभी कार्य करना चाहिए । इसलिए तो हमारे बुजुर्ग कह गयें हैं । समय का आदर करो, समय तुम्हारा आदर करेगा ।।

05. लक्ष्य निर्धारण – कैरियर की शुरूआत के लिए सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य निर्धारित करना है । कैरियर की एक अच्छी शुरूआत आप लक्ष्य तय करके ही कर सकते हैं इसलिए हर व्यक्ति को अपना लक्ष्य सही समय पर तय कर लेना चाहिए और प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए ।



उपासना ध्रुव
बी. एस. सी. प्रथम वर्ष



Created by Universal Document Converter

# जीवन



खुद की काबिलियत पर भरोसा रख,
जो गलती आज की है उससे सीख ।
मत मांग किसी के आगे,
अपनी सफलता के लिए भीख ।।

तू जलता हुआ रेगिस्तान है,
तेरे अंदर कुछ करने की ठान है ।
तू रूक मत तुझे करना कुछ महान है ।।

तू अपने घर वालों की आस है,
उनकी उम्मीदों की सांस है ।
इनको यूं ही नहीं जाया करना है,
तुझे अपनी सफलता के लिए लड़ना है ।।

**उमा मरकाम**
बी.एस.सी. तृतीय (Bio)

# DOST

मेरा दोस्त है बहुत अच्छा ।
जो हर दम रहता सच्चा-सच्चा ।।
मेरा दोस्त सबका मददगार ।
जो न बनता कभी गद्दार ।।
मेरा दोस्त देता दुःख मे साथ ।
जो कभी न छोड़े मेरा हाथ ।।
मेरा दोस्त बड़ो को देता सम्मान ।
जो न करता कभी किसी का अपमान ।।
इसलिए तो कहती हूँ ।
मेरा दोस्त है बहुत अच्छा ।
जो हर दम रहता सच्चा-सच्चा ।।

**चंचल सेन**
बी.एस.सी. तृतीय (Maths)

# केमिस्ट्री कविता

**आक्सीजन हमारा प्राणदाता, हाइड्रोजन ज्वलनशील है ।**
**नाइट्रोजन है आग रोकता, पोटैशियम उर्वरक का दिल है ।**
**क्लोरिन जल को शुद्ध करता है , कैल्शियम हड्डियों को जोड़ता है ।**
**आयरन जहाज से लेकर बनाता कील है , बेरियम से ही फोटोग्राफी का रील है ।**
**हीलियम बनता है सूर्य में ज्यादा , कार्बन होता है कोयले में ज्यादा ।**
**नियॉन और ऑर्गन अक्रिय गैसे हैं , स्टील बनाने में क्रोमीयम भी शामिल है ।**
**सोडियम - मैग्नीशियम बहुत मुलायम है , एल्युमिनियम से बनते विद्युत सामान है ।**
**रेडियम होता बहुत चमकीला , क्रिप्टन बम से बचना मुश्किल है ।**
**थोरियम - यूरेनियम से परमाणु ऊर्जा , सोना - चाँदी होते विद्युत अतिसुचालक ।**
**कॉपर के बर्तन भी सोने जैसा लगता है, चाँदी सौर प्लेट निर्माण में शामिल है ।**

अंजली ध्रुव
बी.एस.सी. तृतीय



Created by Universal Document Converter

# सफलता का राज

एक बार एक लड़की छुट्टियां बिताने अपने दादाजी के गांव गयी । वहाँ उसने अपने दादा जी से पूछा कि सफलता का राज क्या है । इस पर दादा जी उसे पास की नर्सरी मे ले गए और वहाँ से दो पौधे खरीद लाए ।

एक पौधा उन्होने घर के अंदर गमले मे लगाया और दूसरा पौधा घर के बाहर लगा दिया । दादा जी ने अपने पोती से पूछा कि तुम्हे क्या लगता है, दोनो पौधों मे से अधिक सफल कौन होगा । लड़की ने जवाब दिया कि घर के अंदर वाला पौधा ज्यादा सफल होगा क्योंकि वह बाहर वाले पौधे को बहुत सी चीजो से खतरा है । दादा जी उसकी बात पर मुस्करा दिए । कुछ दिनो बाद लड़की वापस शहर चली गई । कुछ साल बाद वह फिर से दादा जी मिलने गांव आयी और पौधों के बारे में पूछा, दादा जी ने उसे घर के अंदर लगा पौधा दिखाया । वह पौधा गमले मे काफी बड़ा हो चुका था । लड़की ने कहा कि मैने कहा था न कि यही पौधा ज्यादा सफल होगा फिर उसने कहा कि दादा जी उस बाहर वाले पौधे का क्या हुआ ।

दादा जी उसे घर के बाहर लेकर गये तो लड़की हैरान रह गयी । बाहर वाला पौधा अब एक विशाल वृक्ष का रूप ले चुका था । उसने दादा जी से पूछा की यह कैसे संभव है दादा जी ने से बताया कि खतरो से जूझ कर ही सफलता प्राप्त होती है ।

इन्द्राणी साहू, **बी.एस.सी. तृतीय** (Bio)

---




- भारत के पास विश्व की तीसरी बड़ी सेना है
- शतरंज खेल का अविष्कार भारत मे हुआ ।
- शून्य का अविष्कार भारत मे हुआ ।
- भारत का मेघालय राज्य दुनिया का सबसे वर्षा वाला राज्य है ।
- Indian Army जंगलो और मांउटेन मे लड़ने के लिए सबसे आगे है ।
- भारत के पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के सम्मान मे 26 मई को स्विजरलैण्ड मे विज्ञान दिवस मनाया जाता है ।
- भारत दुनिया के सबसे बड़े आकार वाले देश मे 7 वें नं. पर है ।
- भाारत में दुनिया का सबसे बड़ा रोड नेटवर्क है ।
- भारत मे सबसे ज्यादा बोली जाने वाली 06 भाषाएँ - हिन्दी, मराठी, तमिल, तेलगु, बंगाली और ओड़िया है ।
- भारत के कुंभ मेले मे आने वाले लोगो का जमावड़ा इतना अधिक होता है कि इसे अंतरिक्ष से भी देखा जा सकता है ।
- प्लास्टिक सर्जरी का आविष्कार भारत मे हुआ ।

किरण यादव, **बी.एस.सी. तृतीय** (Bio)



Created by Universal Document Converter

# लक्ष्य

एक बार एक लड़का जिसका नाम सोहन था, ने एक बहुत ही विद्वान व्यक्ति को देखा । उनके ऐश्वर्य को देखकर वह आश्चर्यरकित हो गया और उनकी ही तरह बनने का मन बना लिया । वह मन लगाकर पढ़ने लगा । अभी कुछ ही ज्ञान सीख पाया था कि उसकी मुलाकात एक बहुत ही धनवान व्यापारी से हुई उसकी चकाचौंध भरी जिंदगी को देखकर सोहन ने धनवान बनने का निश्चय कर लिया । उसने पढ़ाई - लिखाई छोड़कर काम करना प्रारंभ कर दिया और कई दिनों तक बड़ी मेहनत की अब वह कुछ धन कमाने लगा था । इसी बीच उसकी मुलाकात एक संगीतज्ञ से हुई। संगीत में उसे अधिक आकर्षण लगा, उसने कामकाज छोड़कर संगीता बनने का मन बना लिया ।

इसी तरह काफी उम्र बीत गई, न वह विद्वान बन सका, न धनी व्यापारी बन सका, न ही संगीता, वह बड़ा दुःखी हुआ । सोहन के घर के पास एक बार एक महात्मा का आगमन हुआ । उसने महात्मा को अपने दु-ख का कारण बताया ।

महात्मा ने सारी बात सुनी और मुस्कुराकर बोले - बेटा दुनिया बड़ी ही चिकनी है, जहां भी जाओगे कोई न कोई आकर्षण जरूर मिलेगा । एक लक्ष्य बनाओं और जब तक उसे पा न लो तब तक उस पर मेहनत करो । यदि बार - बार रूचि बदलोगे तो कभी उन्नति नहीं कर पाओगे । सोहन महात्मा की बात समझ गया और एक लक्ष्य बना कर उस पर कार्य करने लगा और सफलता प्राप्त की ।

शिक्षा - इस कहानी से हमे यह शिक्षा मिलती है कि हमें सदैव एक लक्ष्य बनाकर कार्य करना चाहिए तथा उसे पूर्ण करना चाहिए ।

**डॉ. जय श्री रणसिंह**
अतिथि प्राध्यापक राजनीति विज्ञान

# प्राचीन भारतीय मुद्राएँ

**युं बना रूपया ..............**

| | |
|---|---|
| फूटी कौड़ी से कौड़ी | 3 फुटी कौड़ी = 1 कौड़ी |
| कौड़ी से दमड़ी | 10 कौड़ी = 1 दमड़ी |
| दमड़ी से धेला | 2 दमड़ी = 1 धेला |
| धेला से पाई | 1.5 पाई = 1 धेला |
| पाई से पैसा | 3 पाई = 1 पैसा (पुराना) |
| पैसा से आना | 4 पैसा = 1 आना |
| आना से रूपया | 16 आना = 1 रूपया |

**कहावते ................**

01. एक फुटी कौड़ी नहीं दुंगा ।
02. पाई - पाई का हिसाब रखना ।
03. सोलह आने सच ।

कु. गरिमा साहू
बी.एस.सी. द्वितीय



Created by Universal Document Converter

## किश्तो में मत जिया करो

हर पल है जिंदगी का उम्मीदों से भरा,
हर पल को बाहों मे अपनी भरा करो
किश्तो मे मत जिया करो ।।

सपनो का है ऊंचा आसमान, उड़ान लंबी भरा करो
गिर जाओ तुम कभी, फिर से खुद उठा करो ।।
हर दिन मे एक पूरी उम्र, जी भर के तुम जिया करो
किश्तो मे मत जिया करो ।।

आए जो गम के बादल कभी, होसला तुम रखा करो
हो चाहे मुश्किल कई, मुस्कान तुम बिखेरा करो ।।
हिम्मत से अपनी तुम, वक्त की करवट बदला करो
जिंदा हो जब तक तुम, जिंदगी का साथ न छोड़ा करो
किश्तो मे मत जिया करो ।।

थोड़ा पाने की चाहत मे, सब कुछ अपना ना खोया करो
औरो की सुनते हो, कुछ अपने मन की भी किया करो ।।
लगा के सपनो को गले, गैरो के संग भी हंसा करो ।
किश्तो मे मत जिया करो ।।

मिले जहां जब भी जो खुशी, फैला के दामन बटोरा करो
जीने का हो अगर नशा, हर घुंट मे जिंदगी को पिया करो
किश्तो मे मत जिया करो ।।

**मुस्कान शर्मा**
बी.कॉम. तृतीय




**इसलिए हिन्दी नायाब है**
**छू लो तो चरण**
**अड़ा दो तो टांग**
**धँस जाए तो पैर**
**फिसल जाए तो पावँ**
**आगे बढ़ाना हो तो कदम**
**राह में चिन्ह छोड़े तो पद**
**प्रभु के हों तो पाद**
**बाप की हो तो लात**
**गधे की पड़े तो दुलत्ती**
**घुंघरु बाँध दो तो पग**
**खाने के लिए टंगड़ी**
**खेलने के लिए लंगड़ी**

विजयलक्ष्मी सिन्हा
छात्रसंघ अध्यक्ष



Created by Universal Document Converter

# धैर्य

पानी को बर्फ में बदलने मे वक्त लगता है
ढले हुए सूरज को निकलने मे वक्त लगता है ।
थोड़ा धीरज रख थोड़ा और जोर लगाते रहना
जंग लगे दरवाजे को खुलने मे वक्त लगता है ।।
कुछ देर रूकने के बाद फिर से चल पड़ो दोस्त
हर ठोकर के बाद संभलने मे वक्त लगता है ।
बिखरेगी वही चमक तेरे वजूद से तू महसूस करना
टूटे - हुए मन को संवरने मे थोड़ा वक्त लगता है ।।
जो तूने कहा कर दिखायेगा, रख यकीन
गरजे जब बादल तो बरसने मे वक्त लगता है ।
खुशी आ रही है और आएगी ही इन्तजार कर
जिद्दी दु:ख - दर्द को ढलने मे थोड़ा वक्त लगता है ।।

**चंचल सेन**
बी.एस.सी. तृतीय (Maths)

# वो पल

कल एक झलक जिंदगी को देखा
वो राहो पे मेरी गुनगुना रही थी ।।
फिर ढूंढा उसे इधर उधर
वो आंख मिला मुस्का रही थी ।।
एक अरसे के बाद आया मुझे करार
वो सहला के मुझे सुला रही थी ।।
हम दोनो क्युँ खफा है एक दुसरे से
मैं उसे और वो मुझे समझा रही थी ।।
मैने पुछलिया - क्युँ इतना दर्द दिया,
कमबख्त तुने
वो हंसी और बोली । मै जिंदगी हूँ ,
पहले तुझे जीना सिखा रही थी ।।

**भ्रीती सिन्हा**
बी.एस.सी. तृतीय (Bio)

---

जिले का एकमात्र शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी छात्राओं के लिये सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय है । मैं अत्यंत हर्ष का अनुभव करती हूँ कि मैं इस महाविद्यालय में अध्ययनरत् हूँ ।

इस महाविद्यालय में यह मेरा द्वितीय वर्ष है । सबसे पहले जब मै इस महाविद्यालय में आई तो मुझे थोड़ी घबराहट महसूस हुई, परन्तु समय और सभी प्राध्यापकों के सहयोग से अच्छा महसूस करने लगी । हमारे इस महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगणों का व्यवहार बहुत ही अच्छा है तथा ये अपने - अपने विषयों में दक्ष होने के साथ - साथ हमें अपनी लाईफ में आगे कैसे बढ़ना है, अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिये हमें कौन सा राह चुनना है, हमारे मन में उठने वाले इन सभी समस्याओं का सामना करना भी सिखते हैं । हमारा यह महाविद्यालय दिन - प्रतिदिन आगे बढ़ता जा रहा है, जहाँ प्रारंभ में यहाँ केवल यू.जी. की कक्षांए संचालित होती थी । आज यहाँ एम.ए., पीजीडीसीए की कक्षायें भी संचालित होती है, साथ ही साथ आने वाले समय में अन्य विषयों में संबंधित पी.जी. की कक्षायें भी संचालित हो जायेगी ।

हमारा महाविद्यालय सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्र जैसे - खेल, एन.एस.एस., रेडक्रास में भी आगे बढ़ रहा है ।

अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य ,सभी प्राध्यपकगणों को मै धन्यवाद अर्पित करती हूँ । जिन्होने इन दो सालों में मुझे मार्गदर्शित किया और यही आशा करती हूँ कि आने वाले समय में भी मेरा मार्गदर्शन करते रहेंगे ।

**दुर्गेश्वरी** [ बी.एस.सी. द्वितीय (Maths) ]



Created by Universal Document Converter

# दस सुक्तियाँ

- सफलता उन्ही के कदम चुमती है, जो समय को साथ चलते हैं ।
- सिर्फ पर्वत पर चढ़ जाना ही सफलता नहीं है, पथ के निर्माता भी विजेता होते हैं ।
- जितने वाला व्यक्ति कुछ अलग नही करता, बल्कि वह उसी काम को अलग तरिके से करता है ।
- हारता वही है जो दौड़ मे शामिल है, बैठे रहने वाले बस बातें बनाते हैं ।
- पहली हार कभी भी अंत नही शुरुआत है, जो जीत के लिए अदम्य साहस पैदा करती है ।
- है कौन विघ्न ऐसा जग मे, जो टिक सके आदमी के मार्ग मे ।
- असम्भव एवं सम्भव के बीच का अंतर वस्तुतः व्यक्ति की इच्छा शक्ति मे निहित होता है ।
- जिस प्रकार कलरफुल गुब्बारें अपने अंदर भरे हुए हवा के कारण उपर उड़ते हैं, उसी प्रकार मनुष्य के अंदर के गुण उन्हें आगे ले जाते है न कि सुंदरता ।
- जिस समय कोई समस्या जन्म लेती है उसके साथ ही उसका समाधान भी जन्म लेता है ।
- तेरे गिरने से तेरी हार नही, तु इन्सान है अवतार नहीं ...................... ।

# ।। मानव मे हिंसक प्रवृत्ति क्यों ।।

हमारा देश विविधता में एकता का संदेश देता है । यहाँ हम को बढ़ावा देना ही हम भारतीयों का संदेश होता है । फिर भी समाज मे ऐसी गतिविधियां क्यों नजर आती है ? जो हमारे हृदय को भेद देती है । मानव मे हिंसक प्रवृत्ति क्यों जन्म ले रही है । मानवता हमारे अंदर से समाप्त क्यों होती जा रही है ? युवा वर्ग दिग्भ्रमित क्यो होता जा रहा है ? दंगे फसाद कर राज्य की सम्पत्तियों को तहस - नहस क्यों कर रहे है ? ऐसे न जाने कितने प्रश्न दिलो दिमाग में उठते हैं । यदि यही शक्ति प्रदर्शन युवा अपने देश की भूमि को उपजाऊ बनाने व देश की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी को निभाने में प्रयोग करेगा तो, समाज का भी भला ही होगा ।

हमे अपने शिक्षा व्यवस्था में भी बदलाव लाते हुए सद्गति, परोपकार, सद्भावना, वसुदेव कुटुम्बकम आदि जैसे गुणो को विकसित करना होगा । पुरानी शिक्षा व्यवस्था से कुछ अच्छी कहानियों का चयन कर पाठ्यक्रम में शामिल करना होगा, ताकि नैतिक मूल्यों को बरकरार रखा जा सकें ।

**हुकेश कुमार मारकण्डेय**
सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य)



Created by Universal Document Converter

# कहानी - आदतें

व्यक्ति आदतों का गुलाम होता है । याद रखिए आदतों से ही व्यक्ति का स्वभाव बनता है और फिर स्वभाव से व्यक्तित्व और फिर व्यक्तित्व से व्यक्ति का जीवन बनता है । इसलिए जीवन को सुधारना हो, तो आदतों को सुधारना होगा । एक बार कोई बुरी आदत पड़ जाए तो मुश्किल से छूटती है ।

चलिए एक उदाहरण के माध्यम से समझते हैं -

एक व्यक्ति नदी के किनारे अपने दोस्तों के साथ बैठा हुआ था । तभी नदी में एक कंबल बहता हुआ दिखाई दिया । उसने आव देखा न ताव कंबल को पकड़ने के लिए नदी में छलांग लगा दी और कंबल को पकड़ लिया । थोड़ी देर बाद उसे लगा की कंबल ने उसे पकड़ लिया है और अपने साथ बहाकर ले जा रहा है । वो बचाओ - बचाओ चिल्लाने लगा । किनारे बैठे दोस्तों ने कहा छोड़ दे कंबल को । वो चिल्लाकर बोला - पहले मैने कंबल को पकड़ा था । अब इस कंबल ने मुझे पकड़ लिया है । मै इसे छोड़ना चाहता हूँ पर ये मुझे छोड़ नहीं रहा है । वो कंबल वास्तव में कंबल नहीं भालू था, जो ऊपर से देखने पर कंबल जैसा प्रतीत हो रहा था । उस भालू ने उसे जकड़ लिया था ।

ऐसे ही बुरी आदतें होती है, पहले हम उनको पकड़ते हैं फिर वो हमको पकड़ लेती है और अपने साथ बहाकर ले जाती है । हम चाहकर भी उनसे पीछा नहीं छुड़ा पाते । कोई भी बुरी आदत छोड़ने के लिए 42 दिन तक अभ्यास करना पड़ता है और कोई भी अच्छी आदत अपनाने के लिए 21 दिनों तक अभ्यास करना होता है । इसलिए अच्छा हो, कि जब आदत बनानी हो, तो अच्छी आदत ही अपनाई जाए ।

**जागृति सेन**
**बी.ए. तृतीय**




*चीटियाँ जब किसी अनाज या बीजों को अपने भोजन के लिए इकट्ठा करती है । तो वह रखने से पहले उसे दो टुकड़ो में करके रखती है क्योंकि दाना या बीज दो टुकड़ो में न टुटे तो वह भूमि में उगकर पौधा बन जाएगा । उन्हे ये भी पता है कि धनिये का बीज दो टुकड़े होने के बाद भी उग जाता है । इसलिए वे धनिये के बीज को चार टुकड़ो में तोड़ती है । हैरानी की बात तो ये है कि उन्हे ये बात किसने बतायी होगी ।*

*सफर के दौरान हमारे मोबाईल की बैटरी जल्दी क्यों खत्म हो जाती है । क्योंकि जब तक हम लंबा सफर तय कर रहे होते हैं उस वक्त नेटवर्क और डाटा प्रोवाइडर की वजह से हमारा मोबाइल बार – बार नेटवर्क बदलता रहता है और पास के किसी नेटवर्क को सर्च कर लेता है लेकिन जैसे ही हम आगे जाते है फिर से दूसरे नेटवर्क बदलने की वजह से ही हमारे मोबाइल की बैटरी जल्दी खत्म होने लगती है ।*

**कु. गरिमा साहू**
**बी.एस.सी. द्वितीय**



Created by Universal Document Converter

# स्वस्थ रहने के लिए जरूरी विटामिन




**विटामिन A** - आँखों को स्वस्थ रखने, संक्रमण से बचने सूजन दूर करने और इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए विटामिन A बहुत जरूरी है। डाइट में पालक, शिमला मिर्च, शकरकंद, गाजर, पपीता, आम, दूध, दही शामिल करें।

**विटामिन B** - शरीर और दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन B बहुत जरूरी है। आँखों, त्वचा और बालों की समस्या दूर होती है। नर्वस सिस्टम को हेल्दी रखने में भी विटामिन B अहम भूमिका निभाता है। अंडा, सोयाबीन, टमाटर, अखरोट, बादाम, गेहूं, ओट्स, चिकन, फिश, दूध।

**विटामिन C** - बाल, त्वचा, नाखून ओर संक्रमण से बचाने में और इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए विटामिन C सबसे जरूरी है। संतरा, नींबू, अमरूद, कीवी, स्ट्रॉबेरी, लीची, पपीता, ब्रोकली, केला।

**विटामिन D** - विटामिन D हड्डियों और दांतो को मजबूत बनाने के लिए जरूरी है। इससे इम्यूनिटी मजबूत करने में मदद मिलती है। सूरज की रोशनी के अलावा फिश, दूध, पनीर, अंडा, मशरूम।

**विटामिन E** - जनन शक्ति का कम होना। कद्दू का बीज, सूरजमुखी, कुसुम और सोयाबीन तेल।

**विटामिन K** - अनीमिया तथा पेचिश रोग होता है। हरी सब्जियां, डेयरी प्रोडक्टस, शलजम और चुकंदर

**कु. पुष्पलता साहू**
**बी.एस.सी. द्वितीय**



Created by Universal Document Converter

# स्टीफन विलियम हॉकिंग



स्टीफन विलियम हॉकिंग एक प्रसिद्ध भौतिक वैज्ञानिक ब्रम्हाण्ड वैज्ञानिक लेखक और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में सैद्धांतिक ब्रम्हाण्ड विज्ञान केन्द्र (enter for theoritical cosmology) के शोध निर्देशक थे ।

स्टीफन विलियम हॉकिंग का जन्म 8 जनवरी 1942 को आक्सफोर्ड इंग्लैण्ड में हुआ । इसके पिता फ्रेंक हॉकिंग एक चिकित्सा विज्ञानी तथा उनकी मां इसाबेल एलेन हॉकिंग दर्शनशास्त्री थी ।

स्टीफन हॉकिंग ने लंदन के पास स्थित संतअलबांस स्कुल में शुरूआती पढ़ाई की । आक्सफोर्ड युनिवर्सिटी से भौतिकी में प्रथम श्रेणी की डिग्री हासिल की । उनके शोध की शुरूआत 1962 में हुई कैम्बिज युनिवर्सिटी में एक स्नातक के तौर पर उनका नामांकन हुआ । वहां आधुनिक ब्रम्हाण्डशास्त्र (cosmology) के जनक डेनिस स्किआमा उनके गुरू बने ।

21 वर्ष की अवस्था में उन्हे मोटर न्युरॉन नाम की बिमारी हुई ऐसा लग रहा था कि वे अपनी पीएचडी पूरी नहीं कर पाऐंगे । लेकिन सभी कयासों को गलत साबित किया । स्टीफन हॉकिंग ने ब्लैक होल्स की परिकल्पना की ब्लैक होल्स, सामान्य सापेक्षता में इतनी शक्तिशाली गुरूत्वाकर्षण क्षेत्र वाली कोई ऐसी खगोली वस्तु है जिसके खिचाव से प्रकाश सहित कुछ भी नहीं बच सकता ब्लैक होल के चारो ओर घटना क्षितिज नामक एक सीमा होती है जिसमें वस्तुएं गिर तो सकती है परन्तु बाहर नहीं आ सकती है । स्टीफन हॉकिंग ने बिग बैंग सिद्धांत को समझने में अहम भुमिका निभायी । बिंग बैंग सिद्धांत के अनुसार लगभग 13.8 अरब वर्ष पूर्व ब्रम्हाण्ड सिमटा हुआ था । इसमे हुए एक विस्फोट के कारण इसमें सिमटा हर एक कण फैलता गया जिसके फलस्वरूप ब्रम्हाण्ड की रचना हुई । यह विस्तार आज भी जारी है जिसके चलते ब्रम्हाण्ड आज भी फैल रहा है ।

स्टीफन हॉकिंग को 12 मानद डिग्रियाँ और अमेरिका का सबसे उच्च नागरिक सम्मान प्राप्त हुआ । स्टीफन हॉकिंग की पुस्तक रूप में प्रकाशित कृति, समय का संक्षिप्त इतिहास सन् 1988 में प्रकाशित हुई इनकी यह कृति बहुत लोकप्रिय हुई । 14 मार्च 2018 को सुबह अपने घर कैम्बिज में स्टीफन हॉकिंग का निधन हो गया । अल्बर्ट आंइस्टिन के बाद स्टीफन हॉकिंग ही एक वैज्ञानिक के तौर पर दुनियाभर में लोगो के दिलों में अपनी जगह बना पाए ।

मुझे सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि मैने ब्रम्हाण्ड को समझने में अपनी भुमिका निभाई इसके रहस्य और इस पर किये गये शोध में अपना योगदान दे पाया । मुझे गर्व होता है जब लोग मेरे काम को जानना चाहती है ।

**प्रो. पोखराज साहू**
(अतिथि व्याख्याता भौतिक विज्ञान)



Created by Universal Document Converter



# छात्रसंघ अध्यक्ष की कलम से

## हमारे कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने नए मुकाम हासिल कर किया है नाम रोशन

अद्भुत इतिहास है हमारे महाविद्यालय का जो अभी नित - प्रतिदिन नए आयाम हासिल कर बुलंदियों को छू रही है, सन् 1995 से शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय का सिहावा चौक धमतरी में प्रारंभ हुआ, धर्म धरा धाम धमतरी जिले का एकमात्र कन्या महाविद्यालय जहां पर मातृशक्तियों के शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्नातक की पढ़ाई के लिए अविभाजित मध्यप्रेदश राज्य में धमतरी जिले को सौगात कन्या महाविद्यालय के रूप में मिली ।

कन्या महाविद्यालय का प्रारंभ सिर्फ कला संकाय की कक्षाओं से हुआ, अब महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय एवं विज्ञान संकाय की कक्षाएं प्रारंभ हुई । इस महाविद्यालय में स्नातकोत्तर की कक्षाएं जिसमें राजनीति विज्ञान एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत पीजीडीसीए की कक्षाएं संचालित हो रही है । एक समय सिहावा चौक की छोटी सी जगह पर महाविद्यालय में अध्यापन कार्य प्रारंभ हुआ जो अभी स्वयं के भवन में अंबेडकर चौक से गंगरेल मार्ग में जनपद पंचायत धमतरी के पीछे, 08 एकड़ जमीन पर स्थापित हो गया है, अध्ययनरत् समस्त छात्राएं शिक्षा, साहित्य, खेल, शासकीय प्रशासनिक पदों के क्षेत्र में अपना लोहा मनवाते हुए आगे बढ़ रही है, अपने प्रथम प्रयास में शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी ने नैक मूल्यांकन में "ग्रेड बी" अर्जित किये । महाविद्यालय की छात्राएं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में बढ़ - चढ़कर हिस्सा ले रही है । इसके साथ - साथ खेल जगत में राष्ट्रीय स्तरीय में भाग लेकर गोल्ड मेडल हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन कर रही हैं, महाविद्यालय को आगे बढ़ाने के लिये प्राचार्य डॉ. डी. आर. चौधरी एवं समस्त प्राध्यापक, कार्यालय स्टाफ निरंतर प्रयासरत् है ।

**विजयलक्ष्मी सिन्हा**
छात्रसंघ अध्यक्ष



Created by Universal Document Converter

# छात्रसंघ उपाध्यक्ष की कलम से



शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी छात्राओं के लिए सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय है । मैं गायत्री साहू इस महाविद्यालय में अध्ययन कर अत्यंत हर्ष का अनुभव कर रही हूँ। इस महाविद्यालय में प्राध्यापकगणों का व्यवहार बहुत ही सहयोगपूर्ण है तथा समस्त प्राध्यापकगण अत्यंत प्रतिभावान तथा अपने विषयों में दक्ष है । जो हमें अपने विषयों की शिक्षा प्रदान करते हैं । हमारे इस महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ - साथ सांस्कृतिक, खेलकूद, एन.एस.एस. एवं रेडक्रास जैसी कई शैक्षणेत्तर गतिविधियाँ भी होती है ताकि वह अपने कला व प्रतिभा को निखार सके ।

महाविद्यालयीन जीवन का एक अविस्मणीय अनुभव होता है जो हमारे व्यक्तित्व और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है ।

हमारा महाविद्यालय बहुत ही अच्छा अनुभव भरा है । यहां पर बहुत से चीजे सीखने और जानने को मिला । महाविद्यालय में एम.ए. (राजनीति विज्ञान) एवं पीजीडीसीए की कक्षाएँ संचालित हैं । इसी प्रकार एम.एस.सी. और एम. कॉम की कक्षाएँ भी आरंभ होनी चाहिए । जिससे छात्राएँ उच्च शिक्षा की पढ़ाई हमारे महाविद्यालय से प्राप्त कर सके ।

**गायत्री साहू**
एम. ए. राजनीति विज्ञान (II Sem)
छात्र संघ उपाध्यक्ष

# सचिव की कलम से



शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी छात्राओं के लिए बहुत ही अच्छा एवं सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय है । मैं बहुत ही खुश हूँ कि मै इस महाविद्यालय की छात्रा हूँ। स्कूल में पास होने के बाद कॉलेज जाना हर बच्चों का सपना होता है जो, इस महाविद्यालय में प्रवेश लेने के बाद पूरा होता नजर आ रहा था । सत्र 2022-23 हमारी जिंदगी का सुनहरा वर्ष है क्योंकि इस दौरान मुझे कॉलेज में अच्छे मित्र और मार्गदर्शक उच्च गुणवत्ता वाले प्रोफेसर्स मिले जिनके सानिध्य में ऐसा लगा कि हमारी जिंदगी ही सार्थक हो गई ।

इस वर्ष महाविद्यालय में मेरा अंतिम वर्ष है । इस महाविद्यालय ने हमें ढेर सारी प्यारी-प्यारी यादें, अच्छे शिक्षक, अच्छे मित्र दिए जिसके लिए इस कॉलेज को धन्यवाद । प्रथम वर्ष वालों की रस्साखींच, प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना, पढ़ना, दोस्त के साथ मस्ती सभी यादगार रहेगा ।

अंत में मै यही कहना चाहूंगी कि मेरा इस महाविद्यालय में अनुभव बहुत ही अच्छा रहा । एक समय ऐसा होगा जब हमारे कॉलेज का नाम सबसे उच्च स्तर पर होगा और इस महाविद्यालय से पढ़कर निकलने वाली हर एक छात्रा अपने आप को खुशनसीब एवं गौरवान्वित महसूस करेगी ।

**नवनीत कौर** (बी.कॉम. तृतीय )
छात्र संघ सचिव



Created by Universal Document Converter

# भूतपूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष की कलम से



सर्व प्रथम इस अंचल मे शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी छात्राओं के लिए सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय है जहाँ मै तब्बु पटेल अध्ययनत् होकर अत्यंत हर्ष का अनुभव करती हूँ तथा इस महाविद्यालय की छात्रा होने के साथ - साथ छात्रसंघ अध्यक्ष बनकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करती हूँ ।

हमारे महाविद्यालय के प्राध्यापकगण अत्यंत प्रतिभावना तथा अपने विषय में काफी दक्ष है वे सभी छात्राओं को समान शिक्षा प्रदान करते है हमारे महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ - साथ सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेलकुद, एन.एस.एस., रेडक्रास और भी गतिविधियाँ है । इन सभी गतिविधियों में सभी छात्राओं को भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाता है ताकि वे अपने कला व प्रतिभा को निखार सकें ।

माननीय प्राचार्य एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण हमारे लिए आधार स्तम्भ स्वरूप है । जिनकी छत्र - छाया में हम समस्त छात्राएँ अत्यंत खुश हैं । मैं अपने जुनियर बहनों से अपेक्षा करती हूँ कि वे पढ़ाई के साथ - साथ समस्त गतिविधियों में भाग लेकर हमारे महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे ।

अंत मे मैं अपने महाविद्यालय से अपेक्षा करती हूँ कि जिस प्रकार एम.ए. और पीजीडीसीए की कक्षाएँ प्रारंभ हुई है उसी प्रकार एम.एस.सी. और एम.कॉम की पी.जी. कक्षाएँ आरंभ होनी चाहिए जिससे छात्राएँ उच्च शिक्षा की पढ़ाई पूरी कर सकें ।

अंतः महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगणों को धन्यवाद ज्ञापित करना चाहुँगी जिन्होने मुझे मार्गदर्शन दिया ।

**तब्बू पटेल**
भूतपूर्व छात्र संघ अध्यक्ष



Created by Universal Document Converter

# अच्छे लोग बुरे लोग



बहुत समय पहले की बात है । एक बार एक गुरूजी गंगा किनारे स्थित एक गाँव में अपने शिष्यों के साथ स्नान कर रहे थे । तभी एक राहगीर आया और उनसे पूछा, महाराज इस गाँव में कैसे लोग रहते हैं, दरअसल मैं अपनें मौजूदा निवास स्थान से कहीं और जाना चाहता हूँ । गुरूजी बोले, जहाँ तुम अभी रहते हो, वहाँ किस प्रकार के लोग रहते हैं । मत पूछिए महाराज, वहाँ तो एक से एक दुष्ट, कपटी और बुरे लोग बसे हुए हैं- राहगीर बोला । गुरूजी बोले - इस गाँव में भी बिलकुल उसी तरह के लोग हैं, कपटी, दुष्ट और बुरे । यह सुनकर राहगीर आगे बढ़ गया ।

कुछ समय बाद एक दूसरा राहगीर वहाँ से गुजरा । उसने भी गुरूजी से वहीं प्रश्न पूछा, मुझे किसी नयी जगह में रहना है, क्या आप बता सकते हैं, कि इस गाँव में कैसे लोग रहते हैं । जहाँ तुम अभी निवास करते हो वहाँ किस प्रकार के लोग रहते हैं । गुरू जी ने इस राहगीर से भीवहीं प्रश्न पूछा । जी वहाँ तो बड़े सभ्य सुलझे और अच्छे लोग रहते हैं । राहगीर बोला ।

तुम्हें बिलकुल उसी प्रकार के लोग यहाँ भी मिलेंगे, सभ्य, सुलझे और अच्छे । गुरूजी ने अपनी बात पूर्ण की और दैनिक कार्यों में लग गए , पर उनके शिष्य ये सब देख रहे थे और राहगीर के जाते ही उन्होने पूछा, क्षमा कीजिएगा गुरूजी पर आपने दोनो राहगीर को एक ही स्थान के बारे में अलग - अलग बातें क्यों बतायीं ।

गुरूजी गंभीरता से बोले, शिष्यों, आमतौर पर हम चीजों को वैसे नहीं देखते हैं जैसी वे हैं, बल्कि उन्हें हम ऐसे देखते हैं जैसे कि हम खुद हैं । यह हम पर निर्भर करता है कि हम किस तरह के लोगों को देखना चाहते हैं ।

शिष्य उनकी बात समझ चुके थे और आगे से उन्होने जीवन में सिर्फ अच्छाईयों पर ही ध्यान केन्द्रित करने का ही निश्चय किया ।

**जागृति सेन**
बी.ए. तृतीय



Created by Universal Document Converter

# मैं कुछ करना चाहती हूँ



मैं लड़का नहीं पर लड़की हूँ
जीवन में कुछ करना चाहती हूँ ।
मै कुछ करना चाहती हूँ ..........

मै कुछ बनना चाहती हूँ
जीवन में आगे बढ़कर,
हर कठिनाइयों से लड़कर
हर पल कुछ करना चाहती हूँ ।
मै कुछ करना चाहती हूँ ...........

मै कुछ लिखना चाहती हूँ
लेखक की तरह कलम लेकर,
कवि की तरह कविता बनाकर
अपना भविष्य बनाना चाहती हूँ ।
मै कुछ करना चाहती हूँ ............

मै कुछ सिखना चाहती हूँ
नदियों की तरह बहकर,
सागर की तरह लहराकर
निरंतर बहना चाहती हूँ ।
मै कुछ करना चाहती हूँ
...............

मै स्वतंत्र होना चाहती हूँ
चिड़ियों की तरह उड़कर,
कोयल की तरह चहककर
मै उड़ान भरना चाहती हूँ ।
मै कुछ करना चाहती हूँ ...............

मैं सदा खिलना चाहती हूँ ।
फूलों की तरह खिलकर,
गुलाब की तरह महककर
दुनिया को महकाना चाहती हूँ ।
मै कुछ करना चाहती हूँ ........

मैं लड़का नहीं पर लड़की हूँ
जीवन में कुछ करना चाहती हूँ
मै कुछ करना चाहती हूँ ........

**मोतिम**
बी.कॉम. द्वितीय वर्ष



Created by Universal Document Converter

# चींटा और टिड्डा की कहानी




एक समय की बात हैं एक गांव में चीटा और उसकी पत्नी चीटीं और उसके बच्चे रहते थे । वे लोग बहुत परिश्रमी थे उसके पड़ोस में टिड्डा और उसका परिवार रहता था जो दिन भर अपना समय मौज मस्ती में बितातें थे ।

चीटा और उसका परिवार बहुत परिश्रमी था वे लोग सारे दिन मेहनत करते थे और चाँवल, चीनी, आटा, आदि इकट्ठा करते थे । जितनी जरूरत हो उतना खाते थे और बाकी चीजों को संग्रह कर रख लेते थे ।

चीटियों को बिना काम के घुमने या गप्पे लड़ाने की फूरसत नहीं थी । दूसरी ओर टिड्डे के परिवार के लोग अपने समय का एक - एक क्षण मस्ती में गुजारते । जब मौसम अच्छा होता तो वे पार्टियों में जाते और नाचते - गाते रहते ।

वे चीटियों का मजाक उड़ाते थे जो बिलकुल मौज - मस्ती नहीं करती थी । उस साल सर्दियों में कड़ाके की ठण्ड पड़ी ।

टिड्डे और चीटियाँ बाहर जाकर भोजन की तलाश नही कर सकते थे । टिड्डियों के पास तो भोजन ही नही रखा था । टिड्डा ने चीटी से कहा आप मुझे कुछ खाना दे सकते हैं । मेरा परिवार भूख से मर रहा है ।

चीटा ने कहा :- मैने कठिन परिश्रम किया है । यह भोजन मेरे और मेरे परिवार के लिए है । सारे बसंत और गर्मी के मौसम मे तुम क्या करते रहें हो।

टिड्डा ने कहा - मौसम इतना सुहाना था कि हम सारे मौसम मे नाचते गाते रहे ।

चीटा ने कहा - जाओ और जाड़े का मौसम भी नाचने मे बिता दो ।

याद रखना, कठिन परिश्रम आसान तो नही है, पर मेरा समय क्यों नष्ट कर रहे हो ।

इस कहानी के माध्यमों से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि मनुष्य को अपना समय व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए । उसे अपने जीवन के हर क्षण का उपयोग करना चाहिए । उसी प्रकार हमें अपने विद्यार्थी जीवन को व्यर्थ में नष्ट न करके उस समय का सदुपयोग करे और अपने भविष्य को संवारे । जिससे कि न केवल हमारे समाज का अपितु पूरे राष्ट्र का विकास हो ।

**मधु साहू**
बी.ए. तृतीय वर्ष



Created by Universal Document Converter

# उड़ानें... हौसलों की

नन्हे से पांवो से लम्बे डग मैं रखुं
छोटी सी आंखों में कई ख्वाब रखुं
दे दो इजाजत पढ़ने की मुझे
जग मे फिर अपना नाम करूं
पढ़ने लिखने दो ना
मुझे स्कूल जाने दो ना ।
ये शिक्षा ही तो मेरी पहचान है
क्या हुआ जो कद छोटी है मेरी,
आसमान से ऊँची मेरी हौसलों की उड़ान है ।।

चार दीवारों में ना कैद रखो
चिड़िया हुं मुझे थोड़ा उड़ने दो ना ।
संवार लुंगी अपना आज और कल
थोड़ा सा मुझे पढ़ने दो ना ।
घर से बाहर जाने दो ना ।
इस शिक्षा से हर राह आसान है
क्या हुआ जो कद छोटी है मेरी
आसमान से ऊँची मेरी हौसलों की उड़ान है ।।

चूल्हा चौका जो सम्हालती है आज
कुछ किताबे भी सम्हालने लगी
बेटियां जो पढ़ लिख जाये तो
जग मे हमेशा मिसाल बनेगी ।
सपनो को मेरे जलाओ ना
बेटियों को भी आगे बढ़ना सिखाओं न
ये शिक्षा है, तो अब मेरा अभिमान है
क्या हुआ जो कद छोटी है मेरी,
आसमान से ऊँची मेरे हौसलों की उड़ान है ।।



Created by Universal Document Converter




सूचना क्रांति के इस दौर में हमारा देश भारत काफी आगे निकल चुका है, शहर ही नहीं, गांव के लोग भी बड़ी तेजी से डिजिटल हो रहे है । साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी हम अमेरिका, ब्रिटेन, रूस जैसे देशों के साथ चल रहें है ।

लेकिन एक समय ऐसा था । जब हम टेक्नोलॉजी में विकसित देशों से पीछे चल रहें थे और यहीं से किस्सा शुरू होता है ।

भारत का पहला सुपर कम्प्यूटर निर्माण की कहानी - भारत ने सुपर कम्प्यूटर खरीदने के लिए अमेरिकी कंपनी *Cray* से संपर्क किया, पर अमेरिकी सरकार ने कंपनी को *Computer* बेचने की अनुमति नही दी । अमेरिकी सरकार का मानना था कि भारत इसका उपयोग रिसर्च के लिए नही बल्कि सैन्य उद्देश्यों की पूर्ति के लिए करेगा ।

इस बात को सुनकर तत्कालीन प्रधानमंत्री ने देश के प्रमुख वैज्ञानिको के साथ तत्काल बैठक बुलाई और उनसे पूछा कि क्या हम सुपर कम्प्यूटर नही बना सकते । तब वैज्ञानिक विजय वी भटकर ने कहा क्यों नही और उसी समय प्रधानमंत्री जी ने सुपर कम्प्यूटर तैयार करने की अनुमति दी। इसके बाद वैज्ञानिको ने इस प्रोजेक्ट को नाम दिया - *C – DAC* (*Center for development of Advanced*)

तीन साल के भीतर 1991 में भारत ने अपना पहला सुपर कम्प्यूटर बना लिया । जिसका नाम *PARAM* 8000 रखा गया । इस प्रकार भारत का पहला कम्प्यूटर निर्मित हुआ ।

**श्रीमती पूर्णिमा साहू**
अतिथि व्याख्यता ( *PGDCA* )



Created by Universal Document Converter

# My College Life

As you grow up and move from school, high school hits you. Intially you are a fresher, then a sophomore and then finally a senior. I never troly believed when people told me that high school passes very fast, but it does and it did.

I, Sakshi Patle, a senior in 2k22 at this lushy and beautiful college campus with badmintor court, where me and my friend use to play badminton and got special tips and tricks form the sports officer of our college, Bandhe sir regarding how to defeat the opponent which I never took seriously becouse I was never and athelete person. Once I got a reward from our sports officer after winning a carrom game that made me felt so proud, confident and moticated me a lot to participate in various co-curricular activities. I still think wheter the chocolate made me happy or the Victory well there are lot of stories adn games related to sports, sportsroom and me which is impossible to express here in few words.

There was once ‘ Inter college kabddi event’ held in our college as I mentioned I am not an athlete person but this event give me a chance to build confidence and provide me a platform to showcase. my singing skill. The event started with “Saraswati Vandanam” thereafter I sang ‘Rajkiya geet’ arpa pairi ke dhar” Our college gave us many opportunities to represent our skill in may field like Art, Dance, Drama, Music, Sports, Martial Art, Debate Club etc. I also participated in speach, Debate and Quiz. I also made Buddha Mandala Art to enhance the beauty of our College which now adornes the principle chamber.

Our College has huge Library where me and my friends use to issue books, read different types of magazine, novels, newspapers etc. A past from Library our college has a well equipped scientific lab, where me and my best friend, Prena not only did practicals but also make dance vedio, slomo vedio fo each other and also used to have an Icecream party wiht our favourite faculties of science department. The faculty of our department are very sweat, caring, kind, supportive, intellectual, understandin and efficacious.

last but not the least, Its “ The College trip” The best part of trip was “Field Trip” in which we sent to “Tatamari’ whre we had a blast, spent best moment of our college life with close friends and professors. The trip was filled with so many stories, dance, drama, singing, food, games, and adventure.

One fine day, you will be silently smiling with holding tears in your eyes, looking at pictures from your college with your old friends remembering those beautiful moments and that is the beauty of college life.

Despite climbing the ladder of success you will cherish the memorise of your college life.

**साक्षी पाटले**
बी.एस.सी. तृतीय वर्ष



Created by Universal Document Converter




01. टीचर :- सत्य और भ्रम में क्या फर्क है ।
मै :- सर, आप पढ़ा रहे है ये सत्य है और
हम पढ़ रहें है ये आपका भ्रम है ।

02. मच्छर स्टडी कर रहे थे ।
पहला मच्छर :- मैं तो आगे डॉक्टर बनूंगा ।
दूसरा मच्छर :- मैं तो आगे चलकर इंजीनियर बनूंगा ।
इतने में आन्टी ने मॉरटिन जला दिया ।
दोनों मच्छर बोले :- बुढ़िया ने सारा कैरियर खराब कर दिया ।





